भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1037

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

जिला मुख्यालयों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ना

1037 श्री रमेश चन्द्र कौशिक:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्गमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 2014 की तुलना में, पिछले वर्षों के दौरान देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की गति में काफी सुधार हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने प्रत्येक जिला मुख्यालय को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए कोई कार्य योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी हाँ। विगत पांच वर्षों के दौरान, अर्थात् 2018-19 से 2022-23 की अवधि के दौरान, निर्माण की औसत गति लगभग 30 किमी प्रति दिन है, जबकि पांच वर्ष की अवधि 2009-10 से 2013-14के दौरान लगभग 13 किमी प्रति दिन (औसत) है।

(ख) और (ग) सरकार ने 40 जिला मुख्यालयों को छोड़कर सभी को 10 किमी की दूरी के भीतर रारा नेटवर्क से सुगम्य बनाकर राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के साथ संपर्कता प्रदान की है। ऐसे 40 जिला मुख्यालयों की राज्य/जिलावार सूची अनुबंध में दी गई है।

अनुबंध

'जिला मुख्यालयों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ना' के संबंध में श्री रमेश चंद्र कौशिक द्वारा दिनांक 08.02.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1037के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

10 किमी की दूरी के भीतर रारा नेटवर्क से असुगम्य जिला मुख्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य	ज़िला	जिला मुख्यालय	निकटतम रारा	निकटतम रारा से दूरी (किमी में)
1	अंडमान और निकोबार द्वीप (यूटी)	निकोबार	निकोबार	-	-
2	आंध्र प्रदेश	पार्वतीपुरम मन्याम	पार्वतीपुरम	26	40
3	अरुणाचल प्रदेश	लोअर सियांग	सिजी	515	13
4	असम	पश्चिम कार्बी आंगलोंग	हम्रेन	627	23
5	असम	दक्षिण सलमारा मनकाचर	हटसिंगीमारी	127बी	12.5
6	छत्तीसगढ़	गौरेला - पेंड्रा - मरवाही	गौरेला	45	26
7	छत्तीसगढ़	खैरागढ़ - छुईखदान - गंडई	खैरागढ़	53	41
8	छत्तीसगढ़	मोहला-मानपुर - अम्बागढ़ चौकी	मोहला	930	20
9	गुजरात	महीसागर	लुनावड़ा	47	37
10	जम्मू और कश्मीर (यूटी)	बांदीपुर	बांदीपुर	1	35
11	लक्षद्वीप (यूटी)	लक्षद्वीप	लक्षद्वीप	-	-
12	मध्य प्रदेश	अशोकनगर	अशोकनगर	346	48
13	मध्य प्रदेश	मन्दसौर	मन्दसौर	एनई4	40
14	मध्य प्रदेश	निवाड़ी	निवाड़ी	156	20
15	मध्य प्रदेश	रतलाम	रतलाम	एनई4	15
16	मध्य प्रदेश	सीहोर	सीहोर	46	29
17	मणिपुर	कामजोंग	कामजोंग	102ए	55
18	मेघालय	दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स	अमपति	127बी	22
19	मेघालय	दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स	मावकीरवात पाड़ा	106	31
20	मेघालय	उत्तरी गारो हिल्स	रेसुबेलपुरा	217	12
21	नगालैंड	न्यूलैंड	न्यूलैंड	2	52
22	नागालैंड	नोक्लाक	नोक्लाक	202	27
23	ओडिशा	सुंदरगढ़	सुंदरगढ़	49	31

24	राजस्थान	डीग	डीग	19	35
25	राजस्थान	केकड़ी	केकड़ी	52	36
26	राजस्थान	नीम का थाना	नीम का थाना	48	47
27	राजस्थान	सलूंबर	सलूंबर	48	43
28	सिक्किम	सोरेंग	सोरेंग	710	38
29	तेलंगाना	जोगुलाम्बा गढ़वाल	गढ़वाल	44	15
30	तेलंगाना	नारायणपेट	नारायणपेट	167	30
31	तेलंगाना	पेड्डापल्ली	पेड्डापल्ली	163जी	32
32	तेलंगाना	मेडचल - मल्काजगिरि	शमिर्पेट	44	12
33	तेलंगाना	विकाराबाद	विकाराबाद	163	10
34	तेलंगाना	वानापर्थी	वानापर्थी	44	14
35	उत्तर प्रदेश	ज्ञानपुर	ज्ञानपुर	19	10
36	उत्तर प्रदेश	सोनभद्र	रॉबर्ट्सगंज	135	64
37	उत्तर प्रदेश	संभल	संभल	509	25
38	पश्चिम बंगाल	हुगली	चिनसुरह	19	23
39	पश्चिम बंगाल	झाड़ग्राम	झाड़ग्राम	49	15
40	पश्चिम बंगाल	कलिम्पोंग	कलिम्पोंग	10	13

*****